Literary Club activities (2025-26)

1. Slogan Writing competition was organized to Celebrate "Udyamita Pakhwara" from 22.08.25 to 4.9.25 as per guidelines of Department of Skill Development and Industrial Training, Haryana on 29.8.2025. Palak Sharma, Sanjana and shruti form CODST got 1st, 2nd and 3rd prize respectively.

2. Further, Palak Sharma, Student of CODST gor 3rd prize at district level competition organized by ITI, Hisar to Celebrate "Udyamita Pakhwara" from 22.08.25 to 4.9.25 as per guidelines of Department of Skill Development and Industrial Training, Haryana on 16th September, 2025.

जिला स्लोगन लेखन में पलक तृतीय रही

हिसार | लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में उद्यमिता पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिला स्तरीय उद्यमिता पखवाड़ा का आयोजन सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हिसार में 16 सितम्बर 2025 को किया गया। इस में लुवास की बीटेक (द्वितीय वर्ष) की छात्रा पलक शर्मा ने स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। लुवास के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा, छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. सज्जन सिहाग, अतिरिक्त निदेशक डॉ. दिव्या अग्निहोत्री तथा नोडल अधिकारी डॉ. पूनम रतवान ने पलक शर्मा को बधाई

हिसार भास्कर

पलक शर्मा ने स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में जिला स्तर पर हासिल किया तृतीय स्थान

हिसार, 17 सितम्बर (ब्यूरो): लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में उद्यमिता पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में स्लोगन लेखन में पलक शर्मा तथा पोस्टर निर्माण में विनय ने विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर लुवास का गौरव बढ़ाया। विजेता प्रतिभागियों को आगे जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए नामांकित किया गया।

पलक शर्मा।

हिसार केसरी

जिला स्तरीय उद्यमिता पखवाड़ा का आयोजन सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में किया गया, जिसमें जिलेभर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर आइडिया प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन जैसी प्रतिस्पर्धाओं ने छात्रों में रचनात्मकता और नवाचार के नए आयाम स्थापित किए। इसी कड़ी में लुवास की बीटेक द्वितीय वर्ष की छात्रा पलक शर्मा ने स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कुलपति डा. विनोद कुमार वर्मा, छात्र कल्याण निदेशक डा. सज्जन सिहाग, अतिरिक्त निदेशक डॉ. दिव्या अग्निहोत्री तथा नोडल अधिकारी डॉ. पूनम रतवान ने पलक शर्मा को बधाई दी।

नारा लेखन स्पर्धा में पलक शर्मा प्रथम

हिसार। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में 22 अगस्त से 4 सितंबर तक उद्यमिता पखवाड़ा मनाया गया।

इस तहत विश्वविद्यालय में बुधवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नारा लेखन प्रतियोगिता में पलक शर्मा और पोस्टर निर्माण में विनय ने विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विजेता प्रतिभागियों को आगामी जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए नामांकित किया गया। लुवास के कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सज्जन सिहाग, अतिरिक्त निदेशक डॉ. दिव्या अग्निहोत्री और नोडल अधिकारी डॉ. पूनम रतवान ने पलक शर्मा को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संवाद

पलक शर्मा।

हिसार उजाला

3. Students from college of Veterinary sciences participated in District youth Festival, 2025 organized by skill Development & Industrial Training Department, Haryana held at IG Auditorium, CCS HAU, Hisar on 3 November, 2025.

- Tarun Kadian(4th year) and Khushi Mehra (3rd Year) -Declamation (English).
- Reman Mor (2nd year M.v.Sc.), Akshita (3rd Year)- Story writing (hindi)
- Akshita Koul (4th Year), Ashula Raina (Intern) and Shruti Singh (4th Year) -story Writing (English)
- Ankit (2nd Year), Rakesh (4th Year) and Chetna (3rd Year) -Poetry Writing (Hindi)
- Vinay Yadav (4th year)-Poetry Writing (English)

Tarun Kadian (Ist position in Declamation), Khushi Mehra (3rd Position in Declamation), Vinay Yadav (Ist Position in Poetry writing) and Reman Mor (2nd Position in Story Writing).



लुवास विद्यार्थियों ने जिला युवा महोत्सव 2025 में जमाया रंग, विभिन्न प्रतियोगिताओं में झटके शीर्ष स्थान

सांस्कृतिक और कला प्रतियोगिताओं में भी शानदार प्रदर्शन

साहित्यिक प्रतियोगिताओं में लुवास के विद्यार्थियों का दबदबा

शिक्षकों के मार्गदर्शन ने बढ़ाया विद्यार्थियों का उत्साह

नेतृत्व ने छात्रों की सफलता को बताया गर्व का क्षण

लुवास के विद्यार्थियों ने जिला युवा महोत्सव में लहराया परचम

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार के विद्यार्थियों ने जिला युवा महोत्सव 2025 में अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और उत्साह से सबका मन मोह लिया। कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक और साहित्यिक प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पुरस्कार अपने नाम किए। इस दौरान हुई कविता लेखन में विनय यादव ने अपनी भावनाओं को शब्दों में पिरोकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

भाषण प्रतियोगिता में तरुण कादयान ने प्रभावशाली वक्तृत्व के बल पर प्रथम स्थान, जबकि खुशी मेहरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। कहानी लेखन प्रतियोगिता में डॉ. रेमन मोर ने अपनी कल्पनाशीलता और लेखन शैली से द्वितीय स्थान हासिल किया। लोक नृत्य प्रतियोगिता में लुवास की टीम ने हरियाणवी संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में शिवम सोनी ने अपनी रचनात्मकता से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सज्जन सिहाग और सह छात्र कल्याण निदेशक (जनरल) डॉ. दिव्या अग्निहोत्री का मार्गदर्शन और सहयोग सराहनीय रहा। उनके निर्देशन और प्रोत्साहन से विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर कॉन्टिंजेंट इंचार्ज के रूप में डॉ. मान सिंह और डॉ. ज्योत्सना खयालिया विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे दल का उत्साहवर्धन किया। छात्रों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए डॉ. विशाल शर्मा (अध्यक्ष, साहित्यिक क्लब), डॉ. ऋचा (अध्यक्ष, फाइन आर्ट्स क्लब) और डॉ. मान सिंह (अध्यक्ष, संगीत एवं नृत्य क्लब) ने प्रशिक्षित किया। यह उपलब्धि सिद्ध करती है कि लुवास न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता में अग्रणी है, बल्कि सांस्कृतिक, साहित्यिक और कलात्मक गतिविधियों में भी निरंतर प्रगति कर रहा है।

इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सज्जन सिहाग ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे छात्रों ने जिस समर्पण, अनुशासन और प्रतिभा के साथ प्रदर्शन किया है, वह विश्वविद्यालय की समग्र विकास भावना को दर्शाता है। लुवास के छात्र न केवल अकादमिक रूप से सक्षम हैं, बल्कि सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में भी अपनी पहचान बना रहे हैं।

कुलपति प्रोफेसर (डॉ) विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता विश्वविद्यालय के समर्पित शिक्षकों और मार्गदर्शकों की मेहनत का परिणाम है। जनसंपर्क अधिकारी डॉ नीलेश सिंधु ने कहा की ऐसे कार्यक्रम छात्रों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं।

Further, Ist Position holders participated in the State level competitions.

4. Organized seminar in commemoration of 350th shaheedi diwas of Guru Tegh Bahadur on 11.11.2025.

गुरु तेग बहादुर की शहादत वर्षगांठ पर लुवास में सेमिनार का आयोजन

हिसार भास्कर 12-11-2025

लुवास में गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत वर्षगांठ पर किया गया सेमिनार

भास्कर न्यूज | हिसार

लुवास में गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सेमिनार का आयोजन विश्वविद्यालय के वेटरनरी ऑडिटोरियम में किया गया। यह कार्यक्रम लुवास कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा के दिशा-निर्देशन में और छात्र कल्याण निदेशालय के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका थे। उन्होंने कहा गुरु तेग बहादुर का बलिदान केवल धर्म की रक्षा के लिए नहीं था, बल्कि सत्य, मानवता और स्वतंत्र विचारों की रक्षा का प्रतीक था। कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से आह्वान किया वे गुरु तेग बहादुर के आदर्शों सत्य, साहस और करुणा को अपने जीवन में अपनाकर एक संवेदनशील, नैतिक और जिम्मेदार नागरिक बनें।

गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान सत्य, मानवता का प्रतीक : डॉ. ढाका

हिसार। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में मंगलवार को गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ पर वेटरनरी ऑडिटोरियम में सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा के निर्देशन में और छात्र कल्याण निदेशालय के तत्वावधान में हुआ। हिसार उजाला

मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान सत्य, मानवता और स्वतंत्रता की रक्षा का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरु जी के सत्य, साहस और करुणा के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

डॉ. संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि गुरु जी की शिक्षाएं समाज में एकता, करुणा और साहस का संदेश देती हैं। कार्यक्रम में डॉ. विशाल शर्मा, डॉ. दिव्या अग्निहोत्री और संजय अरोड़ा ने समन्वयन किया। जोगा सिंह ने गुरु तेग बहादुर के बलिदान पर प्रकाश डाला, जबकि भाई महेंद्र सिंह ने तेग बहादुर हिंद की चादर का नारा लगाकर सभी को प्रेरित किया। ब्यूरो

गुरु तेग बहादुर की 350 वीं शहादत वर्षगांठ पर लुवास में सेमिनार का आयोजन किया

हिसार, 11 नवम्बर (ब्यूरो): लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में आज गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक सारगर्भित एवं प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन विश्वविद्यालय के वेटरनरी ऑडिटोरियम में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. एस. एस. ढाका थे। उन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि गुरु तेग बहादुर का बलिदान केवल धर्म की रक्षा के लिए नहीं था, बल्कि सत्यए मानवता और स्वतंत्र विचारों की रक्षा का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने शिक्षा को केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, नैतिकता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का मार्ग बताया।

सेमिनार का संचालन एवं समन्वयन डा. संदीप कुमार गुप्ता, निदेशक छात्र कल्याण के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर संत नगर गुरुद्वारा के प्रतिनिधि जोगा सिंह ने गुरु तेग बहादुर के जीवन इतिहास और बलिदान के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं भाई महेंद्र सिंह ने तेग बहादुर हिंद की चादर के नारे के माध्यम से गुरु जी की सार्वभौमिक एवं सर्वधर्म समभाव की भावना को उजागर किया।

हिसार केसरी

कार्यक्रम के दौरान मौजूद कुलसचिव डा.एस.एस.ढाका व अन्य।

गुरु तेग बहादुर के आदर्शों को अपनाने का किया आह्वान

- लुवास में गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ पर सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में मंगलवार को गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक सारगर्भित एवं प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन विश्वविद्यालय के वेटरनरी ऑडिटोरियम में किया गया। सेमिनार छात्र कल्याण निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका थे। उन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान केवल धर्म की रक्षा के लिए नहीं था, बल्कि सत्य, मानवता और स्वतंत्र विचारों की रक्षा का प्रतीक था। डॉ. ढाका ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे गुरु तेग बहादुर जी के आदर्शों सत्य, साहस और करुणा को अपने जीवन में अपनाकर एक संवेदनशील, नैतिक और जिम्मेदार नागरिक बनें। सेमिनार का संचालन एवं समन्वयन डॉ. संदीप कुमार गुप्ता ने किया।

हिसार। सेमिनार मे उपस्थित लुवास के अधिकारी व अतिथिगण। फोटो हरिभूमि

5. **Essay writing contest** (Hindi) **on** Occasion of 164th birth anniversary of Swami Vivekananda - Youth outreach programme entitled "**Run for swadeshi** (**Swadeshi Sankalp Run)" for Dissemination of message on swadeshi and self-reliance on the Topic**: "**स्वदेशी और स्वावलंबन: भारत की प्रगति का मूल मंत्र" on Date:** 12th January, 2026 **at** Lecture Hall, LPM Department, Ground Floor

6. Inter-University Cultural Fest ‘SPANDAN 2026’

Rahul (CODST) Ist position in hindi Poetry recitation

Ankit (COVS): 2nd Position in Sanskrit Poetry

Khushi Mehra and Tarun Kadian: 3rd Position in Debate